राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 158वीं बैठक के कार्यवृत्त

दिनांक **17.08.2023** को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की **158वीं** बैठक **श्री अजय कुमार खुराना**, अध्यक्ष, एसएलबीसी राजस्थान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक में श्री श्रीकांत नामदेव, निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, श्री भवानी सिंह देथा, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार, श्री रोहित पी. दास, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर, डॉ राजीव सिवाच, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, जयपुर, श्री कमलेश कुमार चौधरी, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान, श्री विकास अग्रवाल उप-महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर, डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, उप-महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, श्री आलोक सिंघल, सहायक महाप्रबंधक, एसएलबीसी, राजस्थान सहित राज्य सरकार एवं भारत सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण, नाबार्ड, सिडबी, विभिन्न बैंकों, बीमा कम्पनियों व वित्तीय संस्थाओं के कार्यपालकों/ अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गई। **(संलग्न सूची के अनुसार)**

श्री कमलेश कुमार चौधरी, महाप्रबंधक एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सर्वप्रथम मंच पर विराजमान गणमान्य उच्च अधिकारियों व राज्य सरकार के अधिकारी गण, दोनों ग्रामीण बैंको के अध्यक्ष, सभी बैंकर्स, बीमा कंपनियों के अधिकारियों एवं समिति की बैठक में पधारे समस्त अतिथियों का राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की 158वीं बैठक में स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होने सदन को निम्नानुसार अवगत कराया-

- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 158वीं त्रैमासिक बैठक जून तिमाही समाप्त होने के 46 दिनों में आयोजित की जा रही जिसके लिए सभी हितग्राहक बधाई के पात्र हैं।
- <u>Expanding & Deepening of Digital Payments Ecosystem:</u>
  - भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष 2019 में दिये निर्देशानुसार राज्य में 6 जिलों, करौली, अजमेर, जैसलमर, धौलपुर, सिरोही एवं बाराँ को 100% डिजिटल रूप से सक्षम बनाने हेतु चिन्हित किया गया है।
  - करौली ज़िला, 1 वर्ष की निर्धारित समय सीमा में 100% डिजिटल ज़िला बन गया है।
  - भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पत्र दिनांक 09.08.2023 के माध्यम से सूचित किया है कि, इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभवों का लाभ उठाते हुए राज्य के सभी जिलों को 100% डिजिटल रूप से सक्षम बनाने हेतु कार्यवाही की जानी है।
  - शेष सभी जिलों के अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से इस संबंध में अनुरोध है कि नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए अपने जिलों के लिए 100% डिजिटलीकरण की समय-सीमा निर्धारित करे।
  - साथ ही सभी बैंकों एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से अनुरोध किया कि उचित कार्ययोजना बनाते हुए, राज्य को 100% डिजिटल राज्य बनाने की दिशा में सक्रियता से प्रयास करें।

  (कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)
- <u>PM SVANidhi Scheme:</u> डॉ. भागवत कराड, माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार, द्वारा Central Zone के अंतर्गत राजस्थान में PMSVANidhi की प्रगति की समीक्षा, भोपाल, मध्य प्रदेश में 28.08.2023 को प्रस्तावित है।

इसके दृष्टिगत सभी बैंकों से अनुरोध है कि उक्त योजना में अधिक से अधिक संख्या में नए आवेदन प्राप्त कर उनमे ऋण स्वीकृत एवं वितरित करना सुनिश्चित करें तथा योजना में लंबित सभी आवेदनों का निपटान करने और संबंधित ULB के साथ समन्वय कर बैंक शाखाओं द्वारा लौटाए गए सभी आवेदनों की समीक्षा करने का निर्देश दें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

राज्य सरकार से अनुरोध है कि ऋण आवेदनकर्ताओं को बैंक तक पहुँचवाने एवं पुनः-प्रेषित ऋण आवेदनों के आवेदनकर्ताओं से संपर्क नहीं हो पा रहा है, उन्हे पोर्टल से हटवाने हेतु सभी ULBs को निर्देशित करें।

(कार्यवाही: स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार)

- SVAMITVA Scheme: एसएलबीसी द्वारा पत्र दिनांक 28.07.2023 के द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज तथा राजस्व विभाग, राजस्थान सरकार से अनुरोध किया है कि राज्य में योजना को क्रियान्वित करावें तथा सभी सदस्य बैंकों के साथ इस संबंध में राज्य सरकार की तरफ से जारी दिशानिर्देश को साझा करे ताकि बैंक अपने स्तर से उनको लागू करने हेतु आवश्यक कदम उठा सके।

  (कार्यवाही: ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग तथा राजस्व विभाग, राजस्थान सरकार)

- R-SETI Training Programmes: सभी आर-सेटी संयोजक बैंकों से अनुरोध है कि संबन्धित आर-सेटी की प्रभावशाली मोनिटरिंग करें एवं आर-सेटी निदेशकों को निर्देशित करें की प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उच्च आय प्रदान करने वाले कौशलों एवं उद्यमों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करें।

  (कार्यवाही: समस्त आर-सेटी संयोजक बैंक)

- स्वयं सहायता समूह- बैंक शाखाओं द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बचत खाते खोलते समय समूह के सभी सदस्यों के दस्तावेज़ मांगना, बार-बार सदस्यों को बैंक शाखाओं में बुलाये जाने वाले प्रकरण सामने आए हैं। नियमानुसार स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों के ही दस्तावेज़ एवं शाखा में उपस्थिती अनिवार्य है। बैंकों से अनुरोध कि शाखाओं को यथानुसार निर्देशित करें। साथ ही प्रथम एवं द्वितीय डोज़ में न्यूनतम निर्धारित ऋण राशि क्रमशः रु 1.50 लाख व रु 3.00 लाख प्रदान करना एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को राज्य एवं केंद्रीय सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

  (कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

तत्पश्चात उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान के अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा को मुख्य उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया।

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान एवं कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बैठक में मंचासीन सभी गणमान्य अथितियों एवं अन्य हितधारकों के अधिकारियों एवं राज्य और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होने सदन को संबोधित करते हुए निम्नानुसार अवगत कराया-

- केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा स्वयं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।

- डॉ. भागवत कराड, माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार, द्वारा Central Zone के अंतर्गत राजस्थान में PMSVANidhi की प्रगति की समीक्षा, भोपाल, मध्य प्रदेश में 28.08.2023 को प्रस्तावित है।

  इसके दृष्टिगत सभी बैंकों से अनुरोध है कि उक्त योजना में अधिक से अधिक संख्या में नए आवेदन प्राप्त कर, उनमे ऋण स्वीकृत एवं वितरित करना सुनिश्चित करें तथा योजना में लंबित सभी आवेदनों का निपटान करने और संबंधित ULB के साथ समन्वय कर बैंक शाखाओं द्वारा लौटाए गए सभी आवेदनों की पुनः समीक्षा करने का निर्देश दें। साथ ही उक्त योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य **दिनांक 31.08.2023** तक उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। यह सुनिश्चित करावें कि बिना ठोस कारण के ऋण आवेदन अस्वीकृत नहीं किए जावें। योजना के लाभार्थियों को बैंकिंग डिजिटल उत्पादों से जोड़ना सुनिश्चित करें।

  (कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- राज्य सरकार से अनुरोध है कि PM-SVANidhi योजनान्तर्गत लक्ष्यों की उपलब्धि हेतु बैंकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु ULBs को निर्देशित करें।

  (कार्यवाही: स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार)

- PMJJBY एवं PMSBY के तहत राज्य में लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति संतोषजनक नहीं है। सभी बैंकों से अनुरोध है कि बैंक ग्राहकों में उक्त योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु अपनी शाखाओं को निर्देशित करें एवं लक्ष्य प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें।
- अनुसूचित जाति/ जनजाति को बैंकों द्वारा प्रदान किया गया ऋण, राज्य में उनकी कुल जनसंख्या के अनुरूप नहीं है। सभी बैंकों से अनुरोध है कि बैंक ग्राहकों में अनुसूचित जाति/ जनजाति हेतु ऋण योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने एवं इस वर्ग को अधिक से अधिक ऋण प्रदान करने हेतु बैंक शाखाओं को प्रोत्साहित करें। साथ ही सभी बैंक, अनुसूचित जाति/ जनजाति को प्रदान किए गए ऋण के डाटा की जांच करें। स्टैंडउप-इंडिया योजना विशेषकर अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं महिलाओं के कल्याण के लिए हैं। सभी बैंक इस योजना के लक्ष्यों को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

  (कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

<u>Credit Outreach Programme:</u> दिनांक 19.06.2023 को माननीय वित्त राज्य मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित, वित्त मंत्रालय से जुड़ी सलाहकार समिति की बैठक के दौरान निर्देशित किया गया है-

- राजस्थान राज्य में 5 सबसे अधिक credit deficit जिलों यथा धौलपुर, डूंगरपुर, करौली, राजसमंद और सिरोही में Credit Outreach Programme आयोजित करवाकर पात्र एवं ज़रूरतमन्द व्यक्तियों को पर्याप्त ऋण प्रदान किया जावे।
- निर्देशानुसार प्रत्येक ज़िले में 15 जुलाई 2023 से 15 अगस्त 2023 के बीच Special DLRC बैठक का आयोजन किया गया, ज़िले में बैंकिंग सेवाओं से वंचित व्यक्तियों के बैंक खाते खोलने हेतु उपयुक्त कार्य योजना बनाई गई।

सभी बैंकों एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से अनुरोध है कि विशेष DLRC बैठकों में लिए गए निर्णयों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करावें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)

'100 Days 100 Pays' Campaign - भारतीय रिजर्व बैंक ने unclaimed deposits की वापसी के लिए **'100 Days 100 Pays' campaign** शुरू किया है। जिसमे सभी बैंकों को 01 जून, 2023 से 08 सितंबर, 2023 तक, 100 दिनों के भीतर, देश के प्रत्येक जिले में बैंक के शीर्ष 100 unclaimed depositors से संपर्क करना है और उनकी जमा राशि DEAF Fund से वापिस प्राप्त करनी है। अभी तक उक्त अभियान के तहत राज्य में संतोषजनक प्रगति नहीं हुई है। सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध है कि वे इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे कर अभियान को सफल बनाये।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

स्वयं सहायता समूह - राजीविका, राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 18.08.2023 को जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम **"सखी सम्मेलन"** का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्यभर से लगभग 20,000 महिलाओं द्वारा सहभागिता की जायेगी। सभी बैंकों से अनुरोध है कि स्वयं सहायता समूहों के लिए अनंत संभावनाएं हैं तथा स्वयं सहायता समूहों को बैंकों की तरफ से अधिकतम ऋण प्रदान करना सुनिश्चित करावें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

राजस्थान के कुछ **नवीनतम घटनाक्रम**-

- राजस्थान सरकार द्वारा 19 नए जिले बनाने और फलस्वरूप राज्य में जिलों की संख्या बढ़ाकर 50 होने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। प्रत्येक जिले में एक बैंक को अग्रणी बैंक चयनित करने की कार्यवाही भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा प्रारम्भ कर दी गयी है।
- सभी बैंकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक पात्र किसानों को कृषि विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।
- **Brick & Mortar Branches**: DFS के निर्देशों के अनुसार, राजस्थान में Brick and Mortar Branch खोलने के लिए **95 Locations** को चिन्हित किया गया है। जिनमें से **86** Locations पर शाखाएं पहले से कार्यरत हैं अथवा आवंटन के बाद खोली गई हैं। मैं सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध करता हूं कि वे आवंटित शेष **9** Locations पर जल्द से जल्द Branch खोलें।
- DFS द्वारा **13** गांवों की सूची प्रदान की गयी है जिनकी जनसंख्या 3,000 से अधिक है लेकिन वहां Brick and Mortar Branch नहीं है। सभी संबन्धित बैंकों से अनुरोध है कि **30.09.2023** तक आवंटित केन्द्रों पर Brick and Mortar Branch खोलना सुनिश्चित करें।
- वित्तीय सेवाएँ विभाग द्वारा 17.03.2023 को राज्य के **175** गांवो की सूची प्रदान की गयी है जो कि किसी भी Banking Outlet से covered नहीं है। अभी तक इनमें से **141** गांवो को Banking Outlet से covered कर दिया गया है एवं **34** केंद्र कवर करने हेतु लंबित हैं।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

राज्य में बैंकों के विभिन्न **key indicators जैसे Business Growth, Priority Sector Lending आदि** की प्रगति-

जून, 2023 के अंत में राज्य के सभी बैंकों का Total Business **रु 11.75 लाख करोड़** पहुंच गया है। बैंकों ने Deposit में **13.29%** की Y-o-Y Growth की है और Advances में **17.60%** की Y-o-Y Growth की है।

- राज्य का CD Ratio जून, 2023 तक **89.34%** है और यह RBI Benchmark से काफी ऊपर है। **Advances to Priority Sector** ने **13.86%** की Y-o-Y Growth की है जो satisfactory है। Agriculture Advances में **10.16%** की Y-o-Y Growth हुई है एवं MSME Advances में **20.75%** की Y-o-Y Growth हुई है। कृषि क्षेत्र की Y-O-Y Growth बढ़ाने हेतु AIF, PM FME इत्यादि योजनाओं के तहत अधिक से अधिक सावधि/ निवेश कृषि ऋण प्रदान करें।
- Financial Year 2023-24 में जून, 2023 तक **Total Priority Sector** के ACP के लक्ष्यों के सापेक्ष Achievement **50.90%** है। **MSME** के ACP मे Achievement **66.50%** और **Agriculture** के ACP में Achievement **44.67%** है।

उन्होने सूचित किया कि राज्य में, वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न योजनाओं के तहत प्रदर्शन संतोषजनक है एवं सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि निम्न योजनाओं में प्रगति की गति बनाए रखें एवं 100% लक्ष्य उपलब्ध करना सुनिश्चित करें-

- **PMEGP** के तहत लक्षित मार्जिन राशि के सापेक्ष **68.99%** स्वीकृति **(07 अगस्त, 23 तक)**
- **IGSCCY** के तहत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष **49.61%** स्वीकृति **(01 अगस्त, 23 तक)**

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

उन्होने सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि वे **राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं** में अपना योगदान प्रदान करें। जैसे कि-

- इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना
- मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना
- इन्दिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना
- भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

अंत में उन्होने **राजस्थान सरकार के पास समाधान हेतु लंबित बैंकों से संबन्धित मुद्दों** पर बैठक के दौरान राज्य सरकार से उचित समाधान प्राप्त प्राप्त होने की आशा व्यक्त की।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- PMSBY के तहत राज्य स्तर पर 70% के लक्ष्य से अधिक उपलब्धि कर ली गयी है किन्तु APY एवं PMJJBY के तहत विशेषकर निजी एवं सहकारी बैंकों की प्रगति असंतोषजनक है।

- सभी बैंक Dormant PMJDY खातों को सक्रिय करने हेतु प्रयास करें। साथ ही जन सुरक्षा योजनाओं यथा PMJJBY, PMSBY एवं APY के संतृप्ति अभियान के तहत, 30.09.2023 तक 70% लक्ष्य उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।
- वित्त राज्य मंत्री द्वारा 28.08.2023 को भोपाल में Central Zone के तहत राजस्थान की PM SVANidhi योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा की जावेगी। सभी बैंकों से उक्त योजनान्तर्गत प्रदर्शन में सुधार करने का अनुरोध है, विशेषकर, निजी बैंक एवं स्माल फ़ाइनेंस बैंक जैसे- इंडसइंड बैंक, यस बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफ़सी बैंक एवं एयू स्माल फ़ाइनेंस बैंक,।
- जिन बैंकों की वार्षिक साख योजना के तहत लक्ष्य उपलब्धि 25% से कम है, उनसे अनुरोध है कि उचित कार्ययोजना बनाते हुए, वार्षिक साख योजनान्तर्गत अपना प्रदर्शन सुधारें एवं लक्ष्य प्राप्त करें।
- सभी बैंकों से अनुरोध है कि पशुपालक एवं मत्स्यपालक समेत सभी पात्र कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें एवं लंबित केसीसी ऋण आवेदनों का निस्तारण करें।

(कार्यवाही: समस्त सरकारी बैंक)

- राज्य सरकार से अनुरोध है कि जिन बैंकों द्वारा राज्य में वित्तीय साक्षारता एवं वित्तीय समावेशन के विस्तार में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है, उन्हे सरकारी व्यवसाय से लाभान्वित कर प्रोत्साहित करें।
- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को ब्रिक एंड मोर्टर शाखा खोलने हेतु आवंटित 2 केन्द्रों पर, बैंक द्वारा कंसेंट प्रदान करने के उपरांत भी शाखा नहीं खोला जाना चिंतनीय है एवं स्वीकार्य नहीं है। बैंक से अनुरोध है की आवंटित केन्द्रों पर त्वरित ब्रिक एंड मोर्टर शाखाएँ खोलें।

(कार्यवाही: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया)

- 3,000 से अधिक जनसंख्या वाले बैंक शाखा से रिक्त ग्रामों में ब्रिक और मोर्टर शाखा खोलने के क्रम में, आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक एवं यूनियन बैंक द्वारा क्रमशः 3 और 2 केन्द्रों पर शाखा खोलने की कंसेंट नहीं प्रदान की गयी है। दोनों बैंकों से अनुरोध है कि जल्द-से-जल्द उक्त केन्द्रों पर शाखा खोलने हेतु कंसेंट प्रदान करना एवं शाखा खोलना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया)

- भारतीय स्टेट बैंक से अनुरोध है कि उनके बैंक को आवंटित, बैंकिंग आउटलेट से रिक्त शेष 27 केन्द्रों पर जल्द से जल्द बैंकिंग आउटलेट खोल्न सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: भारतीय स्टेट बैंक)

- सभी अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों एवं बैंकों से अनुरोध है कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत सभी sector-wise लक्ष्य उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।
- कुछ जिले, जिनका सीडी अनुपात, भारतीय रिजर्व बैंक के न्यूनतम 60% के मापदंड से अधिक है, उनमे कुछ खंडों का सीडी अनुपात असंतोषजनक है। इन खंडों का सीडी अनुपात सुधारने हेतु प्रयास करने का राज्य सरकार, संबन्धित अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों एवं बैंकों से अनुरोध है।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की टिप्पणी- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख को व्यक्तिगत निमंत्रण दिये जाने के पश्चात भी, उनके द्वारा बैठक में

सहभागिता नहीं करना खेदपूर्ण है। इससे बैंक संबन्धित विषयों पर सार्थक चर्चा नहीं हो पाती है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख से आगामी एसएलबीसी की बैठकों में उपस्थित रहने का अनुरोध है।

(कार्यवाही: सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया)

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- हाल ही में आयोजित 'प्रगति समीक्षा' बैठक में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा PM SVANidhi योजना के तहत प्रगति की स्वयं समीक्षा की गयी है। PM SVANidhi एवं IGSCCY के तहत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें।
- बैंकों से अनुरोध है कि-
  - केंद्रीय सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का राज्य में उचित क्रियान्वयन करते हुए इन योजनान्तर्गत लक्ष्य उपलब्धि एवं लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करावें।
  - उचित ऋण अनुशासन सुनिश्चित करें।
  - शाखा रहित आवंटित केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टर शाखाएँ खोलें।
  - अधिक से अधिक बैंक सखियों को बैंक मित्र के रूप में तैनात करें।
  - केंद्रीय सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा PMJJBY, PMSBY एवं APY का बैंक ग्राहकों में प्रसार करने, एवं इनके अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को नामांकित करने हेतु शाखाओं को निर्देशित करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- बैंक परिसर में प्रदर्शित ग्लो साइन बोर्ड पर लगने वाले शुल्क पर छूट प्रदान किया जाना संभव नहीं है। कृपया इसे एसएलबीसी के एजेंडे से हटाएँ।
- जिन बैंकों से उचित स्तर के सक्षम उच्चाधिकारी द्वारा एसएलबीसी की बैठकों में सहभागिता नहीं की जाती है, उन बैंकों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जानी चाहिए।
- DCC/ DLRC/ BLBC बैठकों की नियमितता की monitoring हेतु एक पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- निर्धारित समय सीमा में करौली के 100% डिजिटल ज़िला बनने, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की जून तिमाही की उप-समिति बैठकें एवं मुख्य बैठक, लीड बैंक स्कीम के अनुसार निर्धारित समय सीमा में आयोजित किए जाने एवं बाराँ, भीलवाड़ा, सीकर और उदयपुर जिलों की वार्षिक साख योजना (वित्तीय वर्ष 2023-24) को PLP, बैंको के कॉर्पोरेट लक्ष्य एवं क्षेत्र व बैंक की वास्तविक संभावनाओं से समायोजित करके तैयार करने पर सभी हितग्राहकों को बधाई।

- Pilot project की सफलता को देखते हुए, आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु शेष जिलों की वार्षिक साख योजना को भी PLP, बैंको के कॉर्पोरेट लक्ष्य एवं क्षेत्र/ बैंक/ शाखा की वास्तविक संभावनाओं से समायोजित करके तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

(कार्यवाही: नाबार्ड, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)

- सभी डीसीसी संयोजक बैंकों से अनुरोध है कि लीड बैंक योजना के सशक्तिकरण के क्रम में अपने लीड जिलों में सक्षम एवं करियर-उन्मुख अधिकारी को अग्रणी ज़िला प्रबन्धक के रूप में पदस्थापित करें एवं उन्हे उपयुक्त और पर्याप्त स्टाफ एवं अवसंरचना प्रदान करें।

(कार्यवाही: समस्त डीसीसी संयोजक बैंक)

- सभी प्रमुख बैंकों से अनुरोध है कि वे 19 नए जिलों में लीड बैंक की भूमिका निभाने के लिए आगे आएं। विशेषकर निजी बैंकों से नए जिलों के उत्थान हेतु लीड बैंक तंत्र में सक्रिय योगदान देने का अनुरोध है।
- सभी बैंकों से 100 Days 100 Pays अभियान के तहत अधिक से अधिक प्रगति करने का अनुरोध है।
- एसएलबीसी के सभी हितग्राहकों से अनुरोध है कि जलवायु परिवर्तन की चुन्नौती को अवसर में बदलते हुए, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy), कृषि उत्पादन, इत्यादि हेतु अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें.

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- सभी बैंकों एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से अनुरोध है कि आगामी वित्तीय वर्ष में One District One Product योजना के तहत प्रत्येक ज़िले में चिन्हित उत्पाद के लिए पर्याप्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित करें

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक)

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड को बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण दिया।

मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि-

- राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में वार्षिक साख योजनान्तर्गत क्षेत्रवार एवं कुल प्रदर्शन सराहनीय है।
- इस वित्तीय वर्ष राज्य में रु 1.86 लाख करोड़ का कृषि ऋण वितरित किया जाना अपेक्षित है।
- कृषि निवेश ऋण में गत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष संतोषजनक वृद्धि हुई है। सभी बैंकों से अनुरोध है कि राज्य में कृषि निवेश ऋण के स्टार को कुल कृषि ऋण के 40% तक बढ़ाने हेतु सक्रिय प्रयास करें। इसके लिए AIF, PMFME, IMSUPY इत्यादि सावधि ऋण योजनाओं के तहत अधिक से अधिक ऋण वितरित करें।
- पशुपालक एवं मत्स्यपालक समेत सभी पात्र कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

- नाबार्ड द्वारा राज्य के विकास में योगदान देते हुए निम्न पहलें की गयी हैं-
  - निवेश ऋण बढ़ाने हेतु राज्य में 50 कार्यशालाएँ आयोजित की गयी।

- डुंगरपुर एवं सिरोही जिलों का सीडी अनुपात बढ़ाने हेतु संबन्धित ज़िला विकास अधिकारियों को सक्रियता कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- सभी PACS का निर्धारित समयसीमा में Computerization करने हेतु कार्यरत हैं।
- World's Largest Grain Storage Plan- Pilot आधार पर श्री गंगानगर के PACS में अनाज भंडारण स्थापित करने हेतु केंद्रीय सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ऋण स्वीकृत कर दिया गया है।
- केंद्रीय सरकार के Multipurpose Cooperative Society कार्यक्रम का राज्य में कार्यान्वयन किया जा रहा है।
- FPO - राज्य में 300 से अधिक खाद्य उत्पादन संगठन हैं। सभी बैंकों से पात्र खाद्य उत्पादन संगठन का वित्तपोषन करने का अनुरोध है।
- Financial Inclusion Fund का निर्माण नाबार्ड के तत्वावधान में किया गया है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अनुरोध है कि उक्त योजनान्तर्गत वितरित किए गए ऋण का क्लेम प्राप्त करने हेतु समय से नाबार्ड को क्लेम आवेदन प्रेषित करें।
- पंचायती राज संस्थाओं में भीम यूपीआई को अपनाना हेतु राज्य सरकार से अनुरोध है।
- राजस्थान की 5 कलाकृतियों (artifacts) का GI (Geographical Indications) पंजीकरण किया जाना ताकि संबंधित कारीगर प्रीमियम मूल्य निर्धारण का लाभ उठा सकें।

तत्पश्चात **उप-महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक** ने सदन के समक्ष वार्षिक साख योजना तैयार करने से संबन्धित मानक संचालन प्रक्रिया (SOPs) पर प्रस्तुतीकरण दिया व सभी से अनुरोध किया की आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सभी जिलों की वार्षिक साख योजना को भी PLP, बैंको के कॉर्पोरेट लक्ष्य एवं क्षेत्र/ बैंक/ शाखा की वास्तविक संभावनाओं से समायोजित करके तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने मंचासीन गणमान्य सदस्यों एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति पश्चात बैठक के विभिन्न कार्यवाही बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण आरंभ किया:

Confirmation of Minutes of 157th SLBC Meeting (27.06.2023)

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सर्वप्रथम बताया कि दिनांक 27.06.2023 को आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान की बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 05.07.2023 को समस्त हितधारकों को प्रेषित किए गए हैं एवं इसकी पुष्टि करने के लिए सदन से अनुरोध किया, तत्पश्चात सदन में उपस्थित समस्त सदस्यों ने उक्त कार्यवृत की पुष्टि की।

Banking at a glance in Rajasthan

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि सभी मापदण्डों में प्रगति संतोष जनक है-

Parameters	June, 2020	June, 2021	June, 2022	March, 2023	June, 2023*
No. of Branches (new Br in Yr.)	8,154 (17)	8,197 (16)	8,339 (23)	8,580 (335)	8,653 (42)
***Around 68.73% branches in Rural & Semi Urban.**					

Amt. in Rs. Crore					
Deposits **(% Y-o-Y Growth)**	4,52,930 (13.03%)	4,96,732 (9.67%)	5,53,997 (11.53%)	6,17,975 (12.95%)	6,27,602 (13.29%)
Advances **(% Y-o-Y Growth)**	3,62,328 (9.77%	4,05,510 (11.92%)	4,76,789 (17.58%)	5,47,021 (17.26%)	5,47,021 (17.60%)
CD Ratio	82.10%	83.27%	87.55%	88.52%	89.34%
PS Advances **(% Y-o-Y Growth)** **(% of total advances)**	2,30,422 (8.96%) 63.59%)	2,57,304 (11.67%) (63.45%)	2,99,674 (16.47%) (62.85%)	3,32,679 (10.60%) (60.82%)	3,41,204 (13.86%) (60.85%)
Agri. Advances **(% Y-o-Y Growth)** **(% of total advances)**	1,09,404 (10.47%) (30.19%)	1,20,663 (10.29%) (29.76%)	1,38,444 (14.74%) (29.04%)	1,50,456 (9.74%) (27.50%)	1,52,510 (10.16%) (27.20%)
MSME Advances **(% Y-o-Y Growth)** **(% of total advances)**	82,833 (7.53%) (22.86%)	96,199 (16.14%) (23.72%)	1,23,561 (28.44%) (25.92%)	1,40,864 (16.47%) (25.75%)	1,49,196 (20.75%) (26.61%)

Achievement against stipulated benchmark on June 2023

सहायक महाप्रबंधक, **राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति** ने सूचित किया कि-

- राज्य में सीडी अनुपात में **1.79%** की वृद्धि हुई है।
- कुल अग्रिमों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की हिस्सेदारी में **2.00%** की गिरावट आई। हालांकि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र outstanding में **रु. 41,530 करोड़** की बढ़ौतरी हुयी है।
- कुल अग्रिमों में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी में **1.84%** की गिरावट आई। हालांकि कृषि क्षेत्र outstanding में **रु. 14,066 करोड़** की बढ़ौतरी हुयी है।
- एमएसएमई के तहत उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र (यूआरसी) की आवश्यकता के कारण माइक्रो खातों में **0.50%** की कमी आई है। सभी बैंकों से, मुख्य रूप से एसबीआई, यूको बैंक, इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, एचडीएफ़सी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक से अनुरोध किया कि माइक्रो उद्यमों का यूआरसी लेकर उनका वर्गीकरण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में करना सुनिश्चित करें।

  (कार्यवाही: एसबीआई, यूको बैंक, एचडीएफ़सी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक व समस्त सदस्य बैंक)
- एमएसएमई के तहत माइक्रो खातों की बकाया राशि में **रु. 12,671 करोड़** की बढ़ौतरी हुई है। (नेट बढ़ौतरी **रु. 8,071 करोड़** रुपये)
- बैंकों द्वारा पात्र माइक्रो खातों में उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र लेकर कुल अग्रिमों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की हिस्सेदारी बढाई जा सकती है।

Districts wise CD ratio in Rajasthan

No. of District	CD Ratio Range	Name of Districts
11	>100%	Barmer, Baran, Bhilwara, Bundi, Hanumangarh, Jaisalmer, Jhalawar, Pratapgarh, Nagaur, Sri Ganganagar and Tonk
14	71-100%	Alwar, Banswara, Bharatpur, Bikaner, Chittorgarh, Churu, Dausa, Jaipur, Jalore, Jhunjhunu, Jodhpur, Pali, Sawai Madhopur and Sikar
7	51-70%	Ajmer, Dholpur, Dungarpur, Karauli, Kota, Rajsamand and Udaipur
1	<50%	Sirohi

Districts having CD ratio lower than all India level (as on June, 23)

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि राज्य के 12 जिलों यथा बांसवाड़ा(75.00%), भरतपुर (75.78%), पाली (72.40%), झुञ्झुणु (72.42%), कोटा (70.30%), सिरोही (47.78%), करौली (65.56%), अजमेर (64.36%), धोलपुर (65.29%), उदयपुर (68.66%), राजसमंद (67.52%) एवं डुंगरपुर (55.47%) का सीडी अनुपात राष्ट्रीय औसत (75.80%) से कम है। सीडी अनुपात सुधारने हेतु इन जिलों में कार्यरत बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबंधकों को मिशन मोड में कार्य करने का अनुरोध है।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, बांसवाड़ा, भरतपुर, पालि, झुञ्झुणु, कोटा, सिरोही, करौली, अजमेर, धोलपुर, उदयपुर एवं डुंगरपुर)

इनमे से सिरोही एवं डुंगरपुर जिलों का सीडी अनुपात 60% के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बेंचमार्क से भी कम है जो चिंतनीय है। उक्त जिलों के अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों एवं सभी बैंकों से अनुरोध है कि उपयुक्त कार्ययोजना बनाते हुए इन जिलों का सीडी अनुपात बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाएँ।

(कार्यवाही: अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, सिरोही व डुंगरपुर एवं समस्त सदस्य बैंक)

District wise per capita Deposit and Advances (as on 30th June, 23)

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि-

- सिरोही एवं डुंगरपुर जिलों में ऋण प्रति व्यक्ति क्रमशः रु 0.34 लाख एवं रु 0.27 लाख है एवं जमा प्रति व्यक्ति रु 0.71 लाख एवं 0.48 लाख है जो सराहनीय नहीं हैं।
- आकांक्षी जिलों यथा बाराँ, धौलपुर, जैसलमर, करौली एवं करौली में ऋण प्रति व्यक्ति क्रमशः रु 0.43 लाख, 0.20 लाख, 0.64 लाख, 0.23 लाख एवं रु 0.34 लाख है एवं जमा प्रति व्यक्ति क्रमशः रु 0.43 लाख, 0.31 लाख, 0.48 लाख, 0.35 लाख एवं 0.71 लाख है जो सराहनीय नहीं है।
- उक्त आंकड़ों में NBFCs द्वारा प्रदान किया गया अग्रिम सम्मिलित नहीं है।

Districts having CD Ratio lower than 60% as on June, 2023

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने 60% से कम सीडी अनुपात वाले ज़िले डुंगरपुर एवं सिरोही का ब्लॉक-वार एवं बैंक वार विवरण सदन से सामने रखा-

- डूंगरपुर ज़िले के बिछिवाड़ा (0.18 लाख), चिखली (0.08 लाख), दोवाड़ा (0.02 लाख), गलियाकोट (0.31 लाख), झोंथरी (0.01 लाख), सबला (0.27 लाख) एवं सिमलवाड़ा (0.44 लाख) का जमा प्रति व्यक्ति, ज़िले के जमा प्रति व्यक्ति (0.48 लाख) से कम एवं असंतोषजनक है।
- डूंगरपुर ज़िले के असपुर (0.23 लाख), बिछिवाड़ा (0.07 लाख), चिखली (0.03 लाख), दोवाड़ा (0.01 लाख), गलियाकोट (0.12 लाख), झोठरी (0.01 लाख) एवं सबला (0.14 लाख) एवं का ऋण प्रति व्यक्ति, ज़िले के ऋण प्रति व्यक्ति (0.27 लाख) से कम एवं असंतोषजनक है।
- सिरोही ज़िले के पिंडवाड़ा (0.46 लाख), रेवदर (0.29 लाख) एवं शिवगंज (0.55 लाख) का जमा प्रति व्यक्ति, ज़िले के जमा प्रति व्यक्ति (0.71 लाख) से कम एवं असंतोषजनक है।
- सिरोही ज़िले के पिंडवाड़ा (0.14 लाख), रेवदर (0.19 लाख) एवं शिवगंज (0.30 लाख) का ऋण प्रति व्यक्ति, ज़िले के जमा प्रति व्यक्ति (0.34 लाख) से कम एवं असंतोषजनक है।

डुंगरपुर और सिरोही जिलों के अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों एवं जिलों में कार्यरत बैंको से अनुरोध है की उक्त खंडों में जमा प्रति व्यक्ति एवं ऋण प्रति व्यक्ति बढ़ाने हेतु सतत प्रयास करते हुए जिलों की जमा साख अनुपात में सुधार करें।

(कार्यवाही: अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, डूंगरपुर एवं सिरोही, समस्त सदस्य बैंक)

प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार की टिप्पणी-

- दोवाड़ा, डुंगरपुर से बहुत समीप होने के कारण दोवाड़ा का व्यवसाय डुंगरपुर चला जाता है।
- उक्त खंडों में अभी भी साहूकारों द्वारा बड़ी संख्या में ऋण दिया जाता है।

संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने उक्त जिलों के अग्रणी ज़िला प्रबन्धकों से इन खंडों में जमा प्रति व्यक्ति एवं ऋण प्रति व्यक्ति असंतोषजनक होने का कारणों का गहरा विश्लेषण करने का अनुरोध किया।

(कार्यवाही: अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, डूंगरपुर एवं सिरोही)

क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुरोध किया कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा राज्य में प्रदान किए गए ऋण का डाटा भी प्रति-व्यक्ति ऋण में सम्मिलित करने का प्रयास करें।

अध्यक्ष, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने एनबीएफ़सी का डाटा प्रदान करने में भारतीय रिजर्व बैंक से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

<u>Setting up of Brick-and-Mortar Branches Status as on 10.08.2023</u>

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि राजस्थान में ब्रिक और मोर्टार शाखाएं खोलने के लिए चिन्हित **95** स्थानों में से **30** केन्द्रों पर पहले से शाखा खुली हुई हैं एवं शाखाओं को जन धन दर्शक ऐप्प पर अद्यतित कर दिया गया है। दिनांक 20.06.2023 तक **56** केन्द्रों पर शाखा खोली जा चुकी हैं जिनमे से **54** शाखाओं को जन धन दर्शक ऐप्प पर अद्यतित कर दिया गया है एवं **09** केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टर शाखा खोलना लंबित है।

क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आवंटित केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टर शाखा न खोलने एवं बैंक के अंचल प्रमुख द्वारा बैठक में सहभागिता नहीं करने पर कड़ी प्रतिकृया व्यक्त की।

प्रतिनिधि, पंजाब नेशनल बैंक ने सदन को सूचित किया कि बैंक द्वारा शाखा खोलने हेतु आवंटित 3 केन्द्रों मे से 2 केन्द्रों पर **31 अगस्त 2023** तक शाखाएँ खोल दी जावेंगी। केंद्र बींजासर, ज़िला बाड़मेर में शाखा खोलने हेतु स्थान उपलब्ध करवाने के लिए बैंक द्वारा स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया गया है। किन्तु सीईओ, जिला परिषद, बाड़मेर ने पत्र दिनांक 16.08.2023 द्वारा अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत बींजासर में बैंक शाखा खोलने हेतु कोई सरकारी भवन उपलब्ध नहीं है, जिसे बैंक को उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होने राज्य सरकार से पुनः अनुरोध किया की बैंक को वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार बींजासर में ब्रिक एंड मोर्टार शाखा खोलने हेतु उचित स्थान उपलब्ध करवाएँ।

(कार्यवाही: आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार)

साथ ही सूचित किया कि AIC बीमा कंपनी ने बैंक के ग्राहक कृषकों के खरीफ 2022 के बीमा क्लेम को अस्वीकार कर दिया है।

(कार्यवाही: कृषि विभाग, राजस्थान सरकार)

New locations for setting up of Brick-and-Mortar branches

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार ने पत्र दिनांक 17.03.2023 के माध्यम से राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को राज्य में बैंकिंग सेवा से रहित **3,327** ग्रामों की सूची प्रदान की है, जिनमे से **13** ग्राम, जिनकी जनसंख्या 3,000 से अधिक है, उन्हे राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा सदस्य बैंकों को आवंटित किया गया है, जिनकी वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है-

Bank wise status of allocation of identified locations for Brick & Mortar Branches						
	Name of Bank	**No. of Villages Allotted**	**Already Covered By any Bank Branch (Updated on JDD App)**	**Consent for Opening of Branch**	**No of Branches Opened**	**No. of Branches pending for Opening**
	AU Small Finance Bank	2	0	2	0	2
	Bank Of India	3	0	3	0	3
	Bank of Maharashtra	2	0	2	0	2
	IDFC First Bank	3	0	0	0	3
	Union Bank of India	3	0	1	0	3
	Grand Total	**13**	**0**	**3**	**0**	**13**

उक्त सभी बैंकों से अनुरोध है कि आवंटित केन्द्रों पर **दिनांक 30.09.2023** तक ब्रिक और मोर्टर शाखा खोलना सुनिश्चित करें। साथ ही आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक से अनुरोध है कि उनको आवंटित 3 केन्द्रों पर ब्रिक और मोर्टार शाखा खोलने हेतु जल्द-से-जल्द सहमति प्रदान करें।

(कार्यवाही: एयू स्माल फ़ाइनेंस बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया)

प्रतिनिधि, आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक ने सूचित किया कि आवंटित केन्द्रों पर शाखा खोलने हेतु व्यावहारिक स्थान नहीं मिल पा रहा है, साथ ही नेटवर्क संबन्धित समस्या भी है। उन्होने बैंक को ब्रिक एंड मोर्टर शाखाएँ खोलने हेतु 15-20 दिनों का और समय प्रदान करने का अनुरोध किया।

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक से अनुरोध किया कि वह मुख्य सचिव महोदया के परिपत्र दिनांक 12.10.2022 का संदर्भ लेते हुए, आवंटित केन्द्रों पर शाखाएँ खोलने हेतु उपयुक्त स्थान प्राप्त करने हेतु स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेवें।

क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रतिनिधि, आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक को एसएलबीसी की आगामी बैठकों में समय से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

(कार्यवाही: आईडीएफ़सी फ़र्स्ट बैंक)

Uncovered villages within 5KM radius

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि जन धन दर्शक ऐप्प के अनुसार राज्य में **175** ग्रामों में 5 किमी के दायरे में बैंकिंग आउटलेट नहीं है, जो बैंकिंग आउटलेट खोलने हेतु राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा विभिन्न बैंकों को आवंटित कर दिये गए हैं। इनमे से **141** ग्रामों को विभिन्न बैंकों द्वारा बैंकिंग आउटलेट से कवर कर दिया गया है एवं **34** केंद्र बैंकिंग आउटलेट से कवर किए जाने हेतु शेष हैं जिनमे सबसे अधिक, **24** केन्द्रों पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बैंकिंग आउटलेट खोला जाना लंबित है। भारतीय स्टेट बैंक से शेष केन्द्रों पर जल्द-से-जल्द बैंकिंग आउटलेट खोलने का अनुरोध है।

(कार्यवाही: भारतीय स्टेट बैंक)

प्रतिनिधि, भारतीय स्टेट बैंक ने सदन को सूचित किया कि शेष 24 केन्द्रों पर बैंक मित्र तैनात करने हेतु बैंक द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

Saturation Drive for Jan Suraksha Schemes

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने बताया कि जन सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान के तहत दिनांक 02-08-2023 तक की प्रगति इस प्रकार है:

Special Drive for Jan Suraksha Scheme As on 02.08.2023						
as on Date	PMJJBY		PMSBY		APY	
	Target	Enrolled	Target	Enrolled	Target	Enrolled
14.06.2023	69,15,500	28,43,511 (41%)	96,73,911	63,27,521 (65%)	56,33,175	9,40,308 (17%)
02.08.2023	69,15,500	30,36,629 (44%)	96,73,911	65,92,190 (85%)	56,33,175	9,70,035 (17%)
Progress		**1,93,118**		**2,64,669**		**29,727**

सभी बैंकों से अनुरोध है कि वह वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 20.04.2022 के माध्यम से सूचित किए गए, संतृप्ति अभियान के संशोधित लक्ष्यों के अनुरूप, जन सुरक्षा योजनाओं यथा PMJJBY, PMSBY एवं APY के तहत **सितंबर 2023** तक **70%** एवं **सितंबर 2024** तक **100%** लक्ष्य उपलब्धि करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: समस्त सदस्य बैंक)

Atal Pension Yojna FY 2023-24:

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि राज्य में कुल **6,75,280** नामांकन के लक्ष्य के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 05.08.2023 तक **2,20,804 (33%)** नामांकन किए गए हैं जो संतोषजनक हैं।

किन्तु उक्त योजनान्तर्गत निजी बैंकों का प्रदर्शन असरहनीय है। सभी निजी बैंकों से, विशेषकर **एचडीएफ़सी, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक एवं आईडीबीआई बैंक** से अनुरोध है कि अटल पेंशन योजना में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने प्रदर्शन में सुधार करें।

(कार्यबाही: समस्त निजी बैंक)

अटल पेंशन योजनान्तर्गत **एजेंसी-वार** उपलब्धि निम्नानुसार है-

- वाणिज्यिक बैंक-39%
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक-34%
- स्माल फ़ाइनेंस बैंक-23%
- एचडीएफ़सी, आईसीआईसीआई, आईडीबीआई एवं एक्सिस बैंक-1%
- अन्य निजी बैंक- 17%
- सहकारी बैंक-7%

Targetted Financial Inclusion Intervention Programme (TFIIP) Progress as on 30.06.2023

सहायक महाप्रबन्धक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि प्रति लाख जनसंख्या पर PMJJBY खातों में धौलपुर ज़िले का प्रदर्शन असंतोषजनक है। उन्होने संबन्धित डीसीसी संयोजक बैंक से अनुरोध किया कि PMJJBY के तहत ज़िले का प्रदर्शन सुधारने हेतु अग्रणी ज़िला प्रबन्धक को उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करें एवं TFIIP से समस्त मापदण्डों में प्रदर्शन सुधारते हुये अगली एसएलबीसी मुख्य बैठक से पूर्व पीएमजेजेबीवाई के तहत **75%** लक्ष्य उपलब्धि सुनिश्चित करावें।

(कार्यवाही: पंजाब नेशनल बैंक एवं अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, धौलपुर)

साथ ही अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, करौली से अनुरोध है कि इस तिमाही में PMJJBY के तहत **75%** से अधिक उपलब्धि सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही: अग्रणी ज़िला प्रबन्धक, करौली)

Deepening of Digital Payments Ecosystem:

सहायक महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने सूचित किया कि जिला करौली, अजमेर, धौलपुर, जैसलमेर, बाराँ एवं सिरोही को 100% डिजिटल बनाने हेतु चिन्हित किया गया है जिनमे से करौली ज़िले में जून, 2023 तक 100% डिजिटलिकरण उपलब्ध गया है। 100% डिजिटल ज़िलों हेतु करौली, अजमेर, धौलपुर, जैसलमर एवं सिरोही की प्रगति निम्नानुसार है:

Status of 100 % Digital District - Karauli - Ajmer - Dholpur - Sirohi - Jaisalmer - Baran

Sr. No.	District	Months	Digital coverage for individuals (Savings Accounts)						Digital coverage for Businesses (Current Accounts)		
			Eligible Operative Savings Accounts		% Coverage with at least one of the digital modes of payment				Total No. of Eligible Operative Current/ Business Accounts	Total No. of Accounts covered	% Coverage with at least one of the digital modes of payment
			No. of Accounts	Of which, no. of women accounts	Total No. of Accounts covered	All Accounts	Out of total no. of women accounts (G6), no of women accounts covered	women accounts			
1	Karauli	Jun-23	12.99 Lakhs	5.77 Lakhs	12.99 Lakhs	100.00	5.77 Lakhs	100.00	0.16 Lakhs	0.16 Lakhs	100.00
2	Ajmer	Jun-23	37.07 Lakhs	16.44 Lakhs	32.91 Lakhs	88.77	12.82 Lakhs	77.97	1.31 Lakhs	1.07 Lakhs	81.37
3	Dholpur	Jun-23	9.78 Lakhs	4.44 Lakhs	9.32 Lakhs	95.37	4.22 Lakhs	95.05	0.15 Lakhs	0.13 Lakhs	88.21
4	Sirohi	Jun-23	9.80 Lakhs	4.12 Lakhs	9.11 Lakhs	93.04	3.82 Lakhs	92.62	0.18 Lakhs	0.14 Lakhs	78.03
5	Jaisalmer	Jun-23	6.88 Lakhs	2.67 Lakhs	6.37 Lakhs	92.63	2.47 Lakhs	92.55	0.18 Lakhs	0.14 Lakhs	74.38
